परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7974 / प0नि0का0 / 2024

दिनांकः 18 / 11 / 2024

सूचना

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या ई–8547 / 32–जी0एस0 / 2024 दिनांक 18 / 11 / 2024 के अनुपालन एवं माननीया कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के समर्थ पोर्टल पर भरे जा रहे परीक्षाफार्म में आ रही दिक्कतों के दृष्टिगत एवं कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के आदेशानुसार पूर्व की भाँति परीक्षाएं कराये जाने के आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय का पोर्टल दिनांक 20 / 11 / 2024 से दिनांक 22 / 11 / 2024 तक पुराने पोर्टल पर परीक्षाफार्म पूरित कराये जाने के लिए खोला जा रहा है। जिससे प्रथम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक के समस्त छात्र / छात्राओं का परीक्षाफार्म पूर्व की भाँति पूरित कराया जा सके। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि वे छात्र / छात्राएं भी जिन्होने समर्थ पोर्टल पर प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफार्म पूरित कर लिया था, उन्हे भी पुराने पोर्टल के माध्यम से पूर्व की भाँति परीक्षाफार्म पूरित किया जाना अनिवार्य है। समस्त सम्बन्धित से उक्त कार्य हेतु सहयोग की अपेक्षा है।

18/11/2024

परीक्षा नियंत्रक

18/11/24

प्रतिलिपि–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उपरोक्तानुसार कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा), दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
4. निदेशक, सूचना, प्रकाशन एवं जनसम्पर्क केन्द्र, को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रसारित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार परीक्षाफार्म पूरित करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करें।
7. कुलसचिव, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
8. प्रभारी, सचिव कुलपति, माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।

18/11/2024

परीक्षा नियंत्रक

18/11/24